भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 3266
गुरुवार, 12 मार्च, 2026/21 फाल्गुन, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

डीजीसीए में कर्मचारियों की कमी

3266. श्री के. ई. प्रकाश:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) में प्रमुख विनियामक और प्रचालनात्मक पदों पर कथित रूप से पचास प्रतिशत से अधिक रिक्तियों के संबंध में परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी संसदीय स्थायी समिति द्वारा जारी की गई स्पष्ट चेतावनी और समिति की इस टिप्पणी पर ध्यान दिया है कि इस प्रकार की कमी से सुरक्षा निगरानी का जोखिम हो सकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) डीजीसीए की कमजोर विनियामक क्षमता के बारे में समिति की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा बहुत समय से लंबित इन रिक्तियों को भरने और वरिष्ठ तकनीकी और सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्तरों पर नागर विमानन महानिदेशालय के कार्यबल को सुदृढ बनाने के लिए क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं;
(ग) डीजीसीए में प्रभावी सुरक्षा विनियमन के लिए समिति द्वारा चिह्नित किए गए सभी महत्वपूर्ण पदों को किस समय-सीमा के भीतर भरा जाएगा; और
(घ) क्या उक्त प्रयोजनार्थ कोई त्वरित भर्ती तंत्र अपनाया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) में समूह ‘क’ तकनीकी अधिकारियों के स्वीकृत पदों की कुल संख्या 1063 है। इन 1063 पदों में से, नागर विमानन के भविष्य के विस्तार को ध्यान में रखते हुए डीजीसीए के पुनर्गठन के भाग के रूप में वर्ष 2022 से 2024 की अवधि के दौरान 426 पद सृजित किए गए हैं।

पिछले कुछ महीनों में, डीजीसीए में तकनीकी जनशक्ति को मजबूत करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:
(i) जून, 2025 से 22 ग्रुप 'क' तकनीकी अधिकारी और 14 एफओआई (कुल 36 अधिकारी) ने डीजीसीए में कार्य ग्रहण किया है।
(ii) 106 उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव जारी किए गए हैं।
(iii) अन्य चयनित 58 उम्मीदवारों के प्रस्तावों की जांच चल रही है और उनके जारी होने की संभावना है।
(iv) आरक्षित पैनल से 42 उम्मीदवारों (उड़नयोग्यता अधिकारियों) के प्रतिस्थापन का अनुरोध संघ लोक सेवा आयोग से किया गया है।

(v) विभिन्न तकनीकी संवर्गों के 82 पदों के लिए रिक्ति वर्ष 2026 के लिए सीधी भर्ती प्रस्ताव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में है।
(vi) समूह 'क' के 50 तकनीकी अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है
(vii) 18 पदों (08 और 10 पदों के लिए विभिन्न चरणों में डीपीसी आयोजित की गई है) के लिए डीपीसी प्रस्ताव विभिन्न चरणों में है।

नागर विमानन महानिदेशालय में भर्ती एक सतत प्रक्रिया है। अंतरिम अवधि में आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, रिक्तियों का प्रबंधन अल्पकालिक संविदात्मक भर्ती के माध्यम से भर्ती करके किया जाता है। इसके अलावा, कार्यबल की कमी ने डीजीसीए के सुरक्षा कार्यों को प्रभावित नहीं किया है।

******